भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर
INDIAN INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY BHAGALPUR
(An Institute of National Importance under Ministry of Education, Govt. of India)
Sabour, Bhagalpur-813210, Bihar
Ph: +91-7632995205, Email: registrar@iiitbh.ac.in

Advt No: IIITBH/ADVT/778/2026/19 **Date: 30.10.2026**

अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं के नीलामी हेतु निविदा

निदेशक, आई आई आई टी भागलपुर की ओर से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर परिसर के चिन्हित क्षेत्र में उपलब्ध अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक:

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति

नीलामी की नियम व शर्तें

1. यह नीलामी केवल वर्ष २०२६ के लिए संस्थान परिसर के चिन्हित क्षेत्र में उपलब्ध 202 अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं के नीलामी के लिए है।
2. निविदा प्रपत्र संस्थान के कार्यालय से मात्र ५०० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट 'आई.आई.आई.टी. भागलपुर" के नाम से जो की भागलपुर में देय हो आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यदि कोई निविदाकर्ता संस्थान के वेबसाइट 'www.iiitbh.ac.in' से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करते हैं एवं संस्थान में जमा करते हैं तब उन्हें प्रपत्र जमा करते वक़्त मात्र ५०० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट 'आई.आई.आई.टी.भागलपुर" जो की भागलपुर में देय हो के नाम से जमा करना अनिवार्य है, नहीं जमा करने की स्थिति में उनकी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
3. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के साथ रू. १०००/- (एक हजार रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट 'आई.आई.आई.टी. भागलपुर" के नाम से बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदाकर्ता रू. १०००/- (एक हजार रुपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न नहीं करते हैं, उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. इच्छुक निविदाकर्ता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा दिनांक २०/११/२०२६ को अपराहन ०२ बजे तक संस्थान के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. इस निविदा का न्यूनतम आधार मूल्य ₹9326/- निर्धारित किया गया है। यदि कोई निविदादाता ₹9326/- से कम की दर मूल्य उद्धृत करता/है, तो उसकी निविदा को अनुत्तरदायी (Non-Responsive) मानते हुए बिना किसी अग्रिम विचार के अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
6. इच्छुक निविदाकर्ता संस्थान के कार्य दिवसों में पूर्वाह् 9:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे के मध्य उक्त वस्तुओं का भौतिक निरीक्षण कर सकते हैं।
7. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

8. सफल निविदाकर्ता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान के माध्यम से नीलामी के दस दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति मे बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
9. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदाकर्ता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे जमा करने के उपरांत, **अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं** को ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
10. नीलामी के पश्चात अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं के रखवाली की ज़िम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।
11. यदि निविदाकर्ता द्वारा संस्थान के अंदर किसी भी संपति को किसी प्रकार की हानि पहुचाई जाती है तो उसकी निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द करके उसके विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।
12. असफल निविदाकर्ता को १००० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जो की बयाने की राशि के रूप में जमा किया गया है वापस कर दिया जाएगा। सफल निवादाकर्ता के बयाने की राशि निविदा प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात सुरक्षा राशि के रूप में जमा कर ली जायेगी तथा यह राशि कार्य के उपरांत सफल निविदाकर्ता को वापस की जाएगी।
13. सफल निविदाकर्ता प्राप्त नीलामी को उप-पट्टे पर नहीं दे सकता है। इस कार्यालय को निविदा के उप-पट्टे के बारे मे जानकारी होने की स्थिति में उक्त नीलामी रद्द कर दी जाएगी तथा पूरी जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।
14. किसी भी प्रकार की आकस्मिक, सामान्य अथवा प्राकृतिक क्षति के लिए संस्थान प्रशासन किसी भी स्थिति में उत्तरदायी नहीं होगा।
15. नीलामी किए गए अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं की संख्या सेसंबंधित अथवा किसी अन्य प्रकारकी आपत्ति पर केवल संबंधित निविदा के निर्गमन की तिथि से (07) दिवस के भीतर लिखित रूप में प्रस्तुत किए जाने पर ही विचार किया जाएगा। उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वतः अमान्य मानी जाएगी तथा इसके लिए विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
16. सफल निविदाकर्ता द्वारा अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं को ले जाने में लगाये गए मजदूरों का नाम और पहचान पत्र की एक प्रति संस्थान कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
17. बिना कोई कारण बताये अथवा उचित मूल्य नहीं मिलने की स्थिति मे संस्थान के पास किसी एवं सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है तथा निविदाकर्ता के पास इसको चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं होगा।
18. किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में अधिकार क्षेत्र भागलपुर की अदालतों तक सिमित रहेगा।

मैंने नीलामी संबधित उपरोक्त नियम एवं शर्ते पढ़ ली है तथा सभी पूर्ण रूप से मान्य है तथा इस नीलामी के संबद्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदाकर्ताओं को समान रूप से मान्य है।

निविदा देने की तारीख: निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का छायाचित्र

निविदाकर्ता का पूरा नाम:

निविदाकर्ता का पूरा पता:

मोबाइल नंबर: ईमेल:

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

अनुपयोगी/कबाड़ फर्नीचर वस्तुओं की नीलामी हेतु आवेदन पत्र

कार्यालय के लिए 1. पंजीकरण संख्या: 2. प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम तथा हस्ताक्षर: 3. प्राप्ति दिनांक :	स्व हस्ताक्षरित छायाचित्र

1.	निविदाकर्ता का नाम	
2.	पिता/माता/पति/पत्नी का नाम	
3.	जन्म तिथि	
4.	पत्राचार का पता	पिन कोड:
	मोबाइल नंबर:	
	ईमेल :	
5.	स्थाई पता:	पिन कोड:
6.	उक्त नीलामी की धनराशि	अंको में: शब्दों में:
7.	**आवेदन शुल्क:** a. ड्राफ्ट संख्या एवं दिनांक: b. रकम: c. जारीकर्ता बैंक:	
8.	संलग्नों का विवरण	
	a) आधार कार्ड:	
	b) पैन कार्ड:	
	c) १००० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट:	
9.	मुझे संस्थान द्वारा रखी गयी सभी शर्तें मान्य है। निविदा देने की तारीख: निविदाकर्ता के हस्ताक्षर: निविदाकर्ता का पूरा नाम: निविदाकर्ता का पूरा पता: मोबाइल नंबर: ईमेल:	

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर